**खबर संक्षेप**

## कट्टे से फायर कर वीडियो वायरल करने वाले 5 युवक पकड़ाए



**शहडोल।** सोशल मीडिया पर रील्स बनाने का क्रेज युवा वर्ग में ज्यादा है, इस शौक के साथ युवा अवैध हथियार लेकर रील्स बनाकर दहशत फैलाने की नियत से वीडियो सोशल मीडिया के वायरल करते है। ऐसा ही लोगो में दहशत फैलाने की नीयत देशी कट्टे से हवाई फायर का वीडियो बनाकर वायरल करने वाले 5 युवकों को जिले की खैरहा पुलिस ने मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर आगे की विधानिक कार्यवाही की है।

लोकसभा चुनाव के लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है, वही चारों तरफ नाकाबंदी कर वाहनों की जांच भी की जा रही है लेकिन इसके बाद भी लोग हथियार लेकर घूम रहे हैं। ऐसा ही जिले के खैरहा थाना क्षेत्र ग्राम लखवारिया का विकास जायसवाल, नवीन यादव, दीपक उर्फ गोलू यादव सभी निवासी लखवारिया के द्वारा अवैध देसी कट्टा से कुछ दिन पहले फायरिंग किए थे, उसका वीडियो नवीन के मोबाइल में सेव करके रखा था एवं एक शादी समारोह में विकास जायसवाल, नवीन यादव, गोलू यादव, राजेश यादव निवासी लखवारिया एवं अजय जायसवाल निवासी सिरोंजा के द्वारा अवैध देशी कट्टा के साथ फोटो खींचकर विकास जायसवाल अपने मोबाइल में रखा था, जो गांव के लोगों को दिखाकर दहशत फैला रहे हैं।

उक्त सभी लोग लखवारिया मंदिर धाम के पीछे ग्राउंड में विकास जायसवाल अपने पास कट्टा लेकर अपने दोस्तों के साथ बैठा है, होने की सूचना पर मौके पर पहुचीं, खैरहा पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी विकास जायसवाल के कब्जे से एक देशी कट्टा, एक नग जिंदा कारतूस, एक नग मोबाइल फोन तथा आरोपी नवीन यादव के कब्जे से एक नग मोबाइल फोन जप्त कर आरोपी विकाश जायसवाल पिता बीरेन्द्र जायसवाल उम्र 26 वर्ष, दीपक उर्फ गोलू यादव पिता सुरेश यादव उम्र 24 वर्ष, नवीन यादव पिता सुरेश यादव उम्र 21 वर्ष, राजेश यादव पिता स्व. गंगा प्रसाद यादव उम्र 32 वर्ष सभी निवासी ग्राम लखवरिया व अजय जायसवाल (चौकसे) पिता संतोष जायसवाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सिरौंजा को खैरहा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है।

## आबकारी विभाग ने पकड़ी अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी दी है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रभावशील आदर्श आचार सहिंता को दृष्टिगत रखते हुए जिले में आबकारी अपराधों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए दो विशेष दल गठित किये गये है। उक्त दल द्वारा जिला आबकारी अधिकारी सतीश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में 16 मार्च से 27 मार्च तक विशेष अभियान के तहत अवैध शराब ठिकानों पर संयुक्त दबिश दी गई। जिसमें 79 प्रकरण कायम किये गये 62 आरोपियों के विरूद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की 1915 की धारा 34(1)(क)(च) के तहत कार्यवाही की गई, जिसमें 23 बल्क लीटर देशी मदिरा, 403 बल्क लीटर हाथ भटठी मदिरा, 23 बल्क लीटर विदेशी मदिरा, 10 बल्क लीटर बीयर एवं 4475 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया।

## युवक ने लगाई फांसी

**मानपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम घुंसु में नाना के घर घूमने आए युवक ने घर के बाहर लगे आम के पेड़ पर फांसी का फंदा लगा अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। बताया जाता है कि मृतक युवक दिलीप पिता दलपत सिंह उम्र करीब 32 वर्ष निवासी रोहनिया का रहने वाला था, अभी हाल के दिनों में ग्राम घुंसु अपने नाना जगदीप सिंह के घर आया था, इसी बीच अज्ञात कारणों से पेड़ पर फंदा लगा अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया है। घटना की जानकारी पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची है और जरूरी कार्यवाही कर शव को कब्जे में ली है। सूत्रों की माने तो शुक्रवार दोपहर चिकित्सक दल ने पीएम आदि कार्यवाही पूर्ण की है। तत्पश्चात पुलिस शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दी है।

**जमीनी विवाद को लेकर रंजिश**

# जमीनी विवाद पर पड़ोसी ने काटा पीड़ित का कान

**एक पड़ोसी ने पुराने विवाद में एक शख्स का कान काट लिया, जिससे उसके कान का निचला हिस्सा कटकर अलग हो गया, पीड़ति की शिकायत पर अमलाई पुलिस ने कान काटने वाले पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।**

शहडोल।

अमलाई थाना क्षेत्र के ग्राम बटुरा निवासी स्वामीदीन वासुदेव का उसके पड़ोस में रहने वाले हीरा लाल वासुदेव से जमीनी मामले को लेकर पुराना विवाद चल रहा, इसी विवाद को लेकर अक्सर इनके बीच वाद-विवाद होता रहता है। जमीनी विवाद को लेकर रंजिश रखने वाले हीरालाल स्वामीदीन के घर के सामने फरसा लेकर गाली गलौज कर रहा था, स्वामीदीन के मना करने पर वह उसके ऊपर फरसे से हमला कर दिया, इस दौरान मौके मौजद स्वामीदीन की पत्नी ने बीच बचाव कर फरसा छुड़ा लिया, तभी हीरालाल स्वामीदीन के ऊपर लपट कर मारपीट करने लगा, इस दौरान स्वामीदीन बचाव करते हुए हीरालाल को पकड़ लिया, तभी हीरालाल ने स्वामीदीन का दाहिना कान काट लिया, कान का निचला हिस्सा हीरा के मुंह में ही रह गया, इस बीच पड़ोस के लोगो ने बीच बचाव कर दोनो को अलग कर दिया, पीड़ति ने काटा हुआ कान लेकर मामले की शिकायत अमलाई थाने में की पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने पिता हीरालाल वासुदेव व उसके पुत्र रवि वासुदेव के विरुद्ध धारा 294,323,324,506,34 के तहत मामला दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। वही इस पूरे मामले में डीएसपी हेडक्वार्टर राघवेन्द्र द्विवेदी का कहना है मामूली बात को लेकर दो लोगों में विवाद हुआ था, विवाद के दौरान एक ने दूसरे का कान काट लिया, पीड़ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्यवाही की गई है।



## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन पर होगी कार्रवाईः चंद्रेश

**शहडोल।** लोकसभा चुनावों की सम्यक निगरानी करने हेतु भाजपा मप्र चुनाव प्रबंधन विभाग द्वारा चुनाव की न्यायिक प्रक्रिया व चुनाव आयोग से समन्वय हेतु प्रदेश के समस्त लोकसभा क्षेत्रों के साथ शहडोल में भी लोकसभा प्रभारियों व सहप्रभारियों की नियुक्ति की गई है। न्यायिक एवं निर्वाचन विभाग चुनाव प्रबंधन समिति भाजपा मप्र के प्रभारी मनोज द्विवेदी द्वारा जारी सूची में शहडोल लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक चंद्रेश द्विवेदी एडवोकेट को नियुक्त किया गया है। सहप्रभारी के रूप में दीपक शर्मा की नियुक्ति की गई है।



न्यायिक एवं निर्वाचन विभाग लोकसभा क्षेत्र शहडोल के प्रभारी चंद्रेश द्विवेदी एडवोकेट ने नियुक्ति के पश्चात लोकसभा सीट अंतर्गत आने वाले सभी 8 विधान सभा क्षेत्रों में लीगल सेल की टीम को सक्रिय करने बैठकें लेना शुरू कर दिया है। श्री द्विवेदी ने बताया कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करना हमारी पहली प्राथमिकता है। यदि विपक्षी दलों द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किया जाना पाया जाता है तो उनके विरुद्ध उचित माध्यम से त्वरित कार्रवाई की जाएगी। श्री द्विवेदी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा सीविजिल एक्ट के माध्यम से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों पर तात्कालिक कार्रवाई की व्यवस्था की गई है। उन्होने लोकसभा चुनाव में न्यायिक एवं निर्वाचन विभाग का काम देख रहे विधानसभा संयोजको को निर्देशित करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक आचार संहिता के मामले जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में लाएं। जिससे निष्पक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके।

## बड़े भाई को कुल्हाड़ी से हमला कर उतारा मौत के घाट

**महुआ फूल बीनने को लेकर हुआ था विवाद**

उमरिया।

जिले क़े नौरोजाबाद थाना अंतर्गत बघवार गांव में दिल को दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें महुआ फूल बीनने के छोटे से विवाद ने इतना बड़ा रूप ले लिया की बघवार निवासी मृतक के छोटे भाई परसादी सिंह ने अपने बड़े भाई गोपाल सिंह को टंगिया से हमला कर दिया, जिसकी सूचना पीड़ति के परिजनों ने डायल 100 को दी, जिसके बाद डायल 100 ने टगिया से घायल गोपाल सिंह को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरो ने गोपाल सिंह को मृत घोषित कर दिया है।

इस विवाद की खास बात यह रही कि मृतक के पुत्र ने बताया कि हम पुलिस के पास कई बार मदद के लिए गए, लेकिन पुलिस ने किसी भी प्रकार की मदद नहीं की, अगर पुलिस ने समय पर मदद की होती तो आज मेरे पिता जिन्दा होते, तो वही मृतक के पुत्र विजय सिंह के द्वारा पुलिस पर लगाए गए आरोपों पर जांच करवा कर कार्यवाही की बात कही है।



## पहले मुआवजा लिया फिर उसी जमीन पर बनवा दीं दुकानें

**हाइवे के किनारे स्थित भूमि का पहले तो मुआवजा लिया फिर भूमिस्वामी ने प्रशासन की नाक के नीचे ही उस जमीन पर फिर कब्जा कर उस पर व्यापार चालू कर दिया। जबकि एक बार उसका अतिक्रमण हटवाया गया लेकिन भूमि स्वामी अपनी हरकत से बाज नहीं आया और उसने बाद में उसी भूमि पर दूकाने बनवा कर व्यवसाय शुरू कर दिया।**





**अतिक्रमण हटाने के बाद भी कब्जा बरकरार, हो रहीं दुर्घटनाएं**

**शहडोल।** भू माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि जमीन से प्रशासन द्वारा कब्जा हटाए जाने के बावजूद पुनः उस पर कब्जा करने की हिमाकत की जाती है। ऐसा दुस्साहस किसी गली कूचे में नहीं बल्कि नेशनल हाइवे में भी किया जाता है। जहां कि चौबीसो घंटे भारी वाहनों का काफिला चलता रहता है और हर घड़ी गंभीर दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। ऐसा उदाहरण मेडिकल कॉलेज के समीप ही राजेन्द्र सिंह चौक में मौजूद है। हाइवे से सटी इस भूमि पर अब कई दूकाने बना ली गईं हैं और उन्हे किराए पर उठा दिया गया है। जबकि इसी भूमि का मुआवजा भी लिया जा चुका है। पूर्व कलेक्टर डॉ. सत्येन्द्र ङ्कूषसह ने कब्जा अतिक्रमण हटवा कर जमीन खाली कराई थी साथ ही भूमि स्वामी को कड़ी चेतावनी भी दी थी। लेकिन उनके पश्चात पदस्थ कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य की उदासीनता का लाभ उठाकर संबंधित भू स्वामी नीलेश सिंह ने पुनः उसी भूमि पर कब्जा कर लिया है।

### दोहरा लाभ उठा रहा भूस्वामी

भूमि स्वामी नीलेश सिंह ने पहले तो इस भूमि का अच्छा खासा शासन से मुआवजा लिया और फिर कुछ समय बाद उसी में पुनः कब्जा कर लिया। जब इस बात की भनक तत्कालीन कलेक्टर को हुई तो उन्होने यहां से कब्जा खाली करा दिया था। उनके स्थानांतरण के बाद राजस्व अमले से साठगांठ कर नीलेश सिंह ने पुनः जमीन पर कब्जा कर उसमें दूकाने बनवा कर उन्हे किराए पर उठा दिया। उसने दोहरा लाभ लेने का प्रयास किया है। यह एक दण्डात्मक अपराध है, इस पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है। ताकि दूसरा कोई उसका अनुकरण नहीं कर सके और शासन प्रशासन की प्रक्रिया का ध्यान रखा जाए।

### एमपीआरडीसी भी चुप्पी साधे बैठा

इस भूमि का मुआवजा देने और आवाजाही में कठिनाई होने के बावजूद एमपीआरडीसी के अधिकारी न तो शिकायत कर रहे हैं और न भूमिस्वामी को नोटिस दी जा रही है। जबकि इस मामले में सबसे पहले एमपीआरडीसी को ही आपत्ति दर्ज कराई जानी चाहिए। जब एक बार भूमि का मुआवजा दे दिया गया तो फिर उस पर कब्जा दखल का प्रश्न ही नहीं उठता। नेशनल हाइवे पर सरेआम शासकीय प्रावधान का उल्लंघन हो रहा है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। शायद इस सड़क पर किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है। बताया गया कि पहले भी यह भूमि विवादित थी, बाद में इस पर नीलेश सिंह का कब्जा दर्शाया गया और उसे मुआवजा दिला दिया गया।

### आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं

इस सड़क के किनारे दूकानें बनवा देने से सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं होने लगीं हैं। मेडिकल कॉलेज की ओर से आने वाले वाहनों को बाइंर् ओर से आने वाले वाहन दिखाई नहीं पड़ते और भिड़ंत हो जाती है। यहां बनी दूकाने दुर्घटनाओं का कारण बनी हुई हैं। इन्हे तत्काल हटवाया जाना जनहित में जरूरी है। हैरानी की बात यह है कि दुर्घटनाओं के बावजूद प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है। इस मामले में सबसे अधिक भूमिका राजस्व अमला निभा रहा है। बताते हैं कि पटवारी, आरआई प्रशासन को भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस रास्ते से अधिकारी और जनप्रतिनिधि सभी निकलते हैं लेकिन किसी की नजर इन दूकानों पर नहीं पड़ती और इन्हे नजर अंदाज किया जा रहा है।

## लारेंस शाइन हाई स्कूल में 10वीं के छात्रों को दी गयी विदाई

जयसिंहनगर

विद्यालय में 22 मार्च को आयोजित विदाई समारोह में कक्षा दसवीं के छात्रों को भावभीनी विदाई दी गई। जिसमें विद्यालय के जूनियर छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक एवं गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा शुक्ल द्वारा अतिथियों के स्वागत में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया तथा विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती सीमा तिवारी द्वारा विद्यालय की गतिविधियों पर आधारित वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरु महिमा ड्रामा तथा स्कूल लाइफ पर स्टोरिकल नृत्य की प्रस्तुति कक्षा 8वी , 9वीं एवं 10वीं के छात्रों द्वारा किया गया।

अतिथि एवं अभिभावक गण द्वारा करतल ध्वनि से बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम के बीच में दसवीं के छात्रों ने विद्यालय में बिताए पल एवं अनुभव को अपने सहपाठियों के साथ साझा किया। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई, विदाई के इस क्षण में विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा शुक्ला द्वारा बहुत ही भावुक कर देने वाला विदाई गीत बस इतना ही संग था तुम्हारा हमारा इस गीत को गाकर विदाई के पाल को गमगीन बना दिए, उपस्थित लोग भाव विभोर हो गए। इस मौके पर दसवीं कक्षा के सभी बच्चे विद्यालय को छोड़ते हुए बहुत ही उदास दिखे, वहीं दूसरी ओर उनके लिए खुशी की बात यह थी कि वह आगे की शिक्षा और बेहतर करेंगे तथा अपना भविष्य सुनहरा बनाएंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी कक्षा दसवीं की छात्र-छात्राओं को अपने-अपने अनमोल वचनों एवं संदेशों के माध्यम से प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के



डायरेक्टर, प्रिंसिपल, प्रधानाध्यापक एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर श्रीफल भेंट किया गया तथा मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेंद्र द्विवेदी, सभा अध्यक्ष सनत पांडे तथा नगर के गणमान्य व्यक्ति सातिका प्रसाद तिवारी, निर्मल द्विवेदी, यमुना प्रसाद मिश्रा द्वारा कक्षा दसवीं के छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सनत कुमार पांडे एवं सातिका प्रसाद तिवारी, यमुना प्रसाद मिश्रा द्वारा अपने-अपने उद्बोधन में विदाई के क्षण को दुखद बताते हुए किन्तु आगे की शिक्षा को बेहतर बनाकर विद्यालय तथा माता-पिता का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दिए। साथ ही विद्यालय प्रबंधन को आगे की कक्षा उन्नयन हेतु प्रेरित किया गया तथा विद्यालय के उन्नयन में भरपूर सहयोग प्रदान करने का विश्वास दिलाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ.जे.पी. मिश्रा, डॉ. एस.आर.साहू, रावेंद्र शर्मा, मनोज द्विवेदी, राजेश गुप्ता, हरिहर शुक्ला, मदन लाल जायसवाल, श्रीमती रजनी तिवारी, संतोष चतुर्वेदी, राम भुवन द्विवेदी, आर. बी. तिवारी, बी. के. परस्ते, सुनील राव तथा भारी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जी.पी. यादव द्वारा कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विजय तिवारी द्वारा किया गया।

## बीच बाजार में पलट गया मिट्टी से भरा ट्रैक्टर





**मानपुर।** विधानसभा मुख्यालय नगरपरिषद में शुक्रवार के दिन मार्केट का दिन रहता है जहां दूरदराज के करीब आधा सैकड़ा ग्राम के ग्रामीण बाजार करने मानपुर आते हैं जहां नगरपरिषद के जिम्मेदारों के अनदेखी के कारण भरी बीच बाजार में मिट्टी से लोड ट्रेक्टर टाली अचानक पलट गया, जिस कारण कुछ देर के लिए बाजार करने आए ग्रामीणों में भगदड़ सी मच गई, वहीं फुटपाथ में दुकान लगाए बैठे दुकानदार व ग्रामीण बाल-बाल बच गए, जिस कारण सड़क पर जाम लग गया, घटना की जानकारी लगते ही मौके पर परिषद के कर्मचारी पहुंचे और आनन-फानन में जाम खुलवाया जिसके बाद जेसीबी मशीन के माध्यम से उक्त ट्रेक्टर व टाली को उठा कर ले गए। जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक-08 में ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण कार्य कराया गया था, जिसका मालवा सड़क पर ही पड़ा हुआ था, जिसे उठवाने को लेकर कई बार नगर परिषद के जिम्मेदारों से निवेदन किया गया, लेकिन किसी ने नहीं सुना, वहीं ठेकेदार पर मेहरबानी दिखाते हुए उसकी मदत करने पर अचानक नगर परिषद के जिम्मेदार उठ खड़े हुए और अपने निजी ट्रेक्टर वाहन के सांथ अन्य वाहनों को लगा कर ठेकेदार द्वारा फैलाए गए, मलवे की सफाई कराने लगे वहीं जेसीबी के माध्यम से सड़क पर फैले मलवे को उठा कर ट्रेक्टर टाली के माध्यम से अन्यत्र परिवहन कराया जा रहा था, इसी दरमियान बीच बाजार में अचानक मिट्टी लोड ट्रेक्टर की टाली पलट गई, हालांकि उक्त घटना में किसी भी प्रकार की जन हानि नहीं हुई है। गनीमत रही की ग्रामीणों के साथ दुकानदार बाल बाल बच गए, लेकिन सोचनीय विषय यह है कि ठेकेदार द्वारा फैलाए गए मलवे को ठेकेदार से ही उठवाना था, नगर परिषद क्यों मेहरबानी पर उतारू हो उठा अगर नगर परिषद को ही उठाना था तो अन्य कोई दिन उठा लेता भरी बाजार में इस तरह की हरकत अशोभनीय है जो पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## गुड फ्राइडे पर निकाला गया जुलूस एवं झांकियां

**शहडोल।** राष्ट्रीय ईसाई महासंघ (इंडिया) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष क्रिस्टी अब्राहम, शहडोल जिला सचिव किस्टोफर बास्टिन एवं नगर अध्यक्ष अभिषेक आइजक ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पवित्र शुक्रवार को यीशु मसीह का स्मरण श्रद्धा भक्ति के साथ याद किया जाता है। भक्तगण आज के दिन यीशु मसीह के पीड़ा सहन तथा क्रूस मरण के द्विव्य रहस्यों के बारे में ध्यान मनन करता है। साथ ही साथ उस सलीब की वंदना करता मुक्ति दिलाई। दो हजार वर्ष पूर्व एक शुक्रवार को कलवरी के सलीब पर यिशु मसीह का मरण हुआ था, जिसके जरिये मानव को मुक्ति मिली तथा मानव प्रेम से प्रेरित होकर उनको अपने पापों की दास्ता से स्वतंत्रता दिलाने तथा ईश्वरत्व से सम्पर्क कराने के लिये यीशु मसीह ने अपने जीवन को सलीब पर अर्पित किया। यीशु मसीह ने अपना पूरा लहू मानव जाति के उद्धार के लिये बहाया और हमारा उद्धार किया पाप और मृत्यु के बंधनों से छुटकारा दिलाया आज विश्व के सभी गिरिजाघरों में ईसाई धर्मावलम्बियों द्वारा आज विशेष प्रार्थना की जाती है व जुलूस व झांकिया निकाली जाती है, आज के दिन यिशु मसीह ने हमारे पापों को क्षमा व मानव को मुक्ति दिलाने हेतु क्रूस पर अपनी जान दी। सलीब की वंदना करता है जिसके द्वारा यिशु मसीह ने मानव को मुक्ति दिलाई।



### गिरजाघरों में 7 अनमोल वाणी पर हुआ मनन

क्रूस पर अपने अंतिम समय में यीशु मसीह ने कहे थे। (1) हे पिता इन्हें क्षमा कर ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं (लूका 23.34) (2) तू आज ही मेरे साथ स्वर्ग लोक में होगा। (डाकूओं से) (लूका 23.43) (3) हे नारी देख यह तेरा पुत्र और यह तेरी माता है। (यहोना 19.26) (4) हे परमेश्वर तूने मुझे क्यों छोड़ दिया (मत्ती 27.46) (5) मैं प्यासा हूँ (यहोनना 19.28) (6) पूरा हुआ (यहोना) 19.30) (7) हे पिता मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूँ (लूका 23.46) इन्हीं 7 वाणियों को भक्तगण मनन करते हुए वेदना-यातनायें व दुख जो विशु मसीह ने सहे थे अपने मसीही जीवन में लाते हैं।

### प्रभु यीशु मसीह के बलिदान दिवस में जुलूस व झाकियाँ निकाली

होली स्पिरिट कैथोलिक चर्च शहडोल से मुख्य मार्ग से होते हुए इंदिरा चौक, गांधी चौक, जैन मंदिर, परमट, रेलवे स्टेशन से होते हुए दरभंगा चौक स्थित कैथोलिक चर्च में समाप्त हुआ। उक्त झांकियों में प्रभु यिशु टैरेन्स वास्टिन, सैनिक क्रिस्टी अब्राहम, विनोद बाड़ा,, नेल्सन फर्नान्डिस, हरमन लकड़ा, विजय कुजूर, चंद्र भूषण मिंज, जेम्स एन्थोनी, जार्ज पॉल, सुमन कुजूर, वैभव परसते वही सिरनी सिमोन, सजी मैथ्यू, माता मरियम मारजोरी रॉड्रिक्स, वेरोनिका रोस मेरी केरकेट्टा, मेरी मगदलीना शशी कुजूर, येरूशालेम की स्त्रियाँ मुक्ता खल्खो, सुलोचना परस्ते, अन्ना लकरा, ज्योती टोप्पों, एंजलीना संगा, सुशीला केरकेट्टा, आईरीन डेनियल, सोली शिजू शामिल रहे।

### जुलुस एवं झांकियां में ये रहे शामिल

फादर जोस एन्थोनी, रेव्हे, जे.एस. मैथ्यूज, राईट रेवरेन्ट बिशप एस. के. आशावान, रेव्ह के वाणी, डॉ. शिफाली बारिया, रेव्ह, अल्बर्ट स्टीफेन, रेव्ह एस. के. सैमुअल, पास्टर अमित रावत, पा. सर्वेश गुप्ता, पा. देवसिंह, पा. सागर, पा. मनबोध, पा. युकल आइजक, पा. मुकेश, पा. जी.पी. मोंगरे, पा. लक्षपत, रवि सिंह, अलबर्ट बार्टन, सिरिल वार्टन, क्रिस्टोफर वास्टिन, क्लीफर्ड, अभिषक आइजक, रॉकी, सुमन कुजूर, हेमंत आइजक, श्रीमती ग्रेनाडे लॉरेंस जॉन अब्राहम, श्रीमती संध्या किरण कुजूर, श्रीमती सरोज, जैकलिन अब्राहम, एरिक वास्टिन, क्रिस्टी अब्राहम, सजी मैथयू के साथ संभाग के सभी फादर, पास्टर, प्रचारक धर्म बहनें, बच्चे महिलायें, बुजुर्ग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### युवती ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**कोतमा।** थाना अंतर्गत निगवानी गांव में रहने वाली 21 वर्षीय हर्षिता सोनी पिता संतोष सोनी के द्वारा गुरुवार को अपने घर में फांसी लगाकर जान देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जाता है कि घटना के समय हर्षिता अपने कमरे में थी। माता-पिता बिजुरी गए थे वापस आकर देखा तो बेटी फांसी पर लटक रही थी। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे शव परीक्षण एवं पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया। घटना को लेकर पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतिका कॉलेज पढ़ने वाली छात्रा थी जो बाहर रहकर पढ़ाई करती थी, होली त्यौहार में अपने घर आई थी और उक्त घटना घटित हो गई।

### वन विभाग ने 35 हेक्टेयर वन भूमि से हटाया अतिक्रमण



**कोतमा।** मुख्य वनसंरक्षक शहडोल एल एल उइके एवं वनमंडलाधिकारी अनूपपुर सुश्री श्रद्धा पन्द्रे के मार्गदर्शन व उपवनमंडलाधिकारी अनूपपुर पी के खत्री के निर्देशन में प्रभारी वन परिक्षेत्राधिकारी कोतमा ए के निगम की टीम द्वारा बीट पोडी आर एफ 444 में वर्षों से हुए अतिक्रमण को हटाकर आर डी एफ गैब प्लान्टिग के तहत 35 हे.भूमि पर गड्ढा खुदाई एवं फेन्सिग से चारो तरफ से घेरकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। अतिक्रमणकर्ताओ द्वारा उक्त वनभूमि को अपने स्वामित्व की भूमि बताई जा रही थी तथा राजनैतिक दबाव डाला जा रहा था। अतिक्रमणकर्ताओ द्वारा जनसुनवाई मे अनूपपुर कलेक्ट्रेट में भी इसकी शिकायत की गई थी। उक्त भूमि रिजर्व फारेस्ट की भूमि है। वन नक्शा मुताबिक वनकर्मचारियो ने उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। कार्यवाही में एके निगम प्रभारी वनपरिक्षेत्राधिकारी कोतमा, राजू केवट परिक्षेत्र सहायक मलगा, जेडी धार्वे परिक्षेत्र सहायक कोतमा, बीटगार्ड राकेश समुद्रे दादूराम कुशवाहा राघवेन्द्र तिवारी, बृजेश गुप्ता रामस्वरूप सिंह, सुश्री सोमवती चन्द्रा वनरक्षक की भूमिका सराहनीय रही।

### बाघ के हमले से बुजुर्ग घायल



**उमरिया।** बीटीआर अंतर्गत धमोखर परिक्षेत्र के बदरेहल बीट में टाइगर ने फिर इंसान पर हमला किया है, देर शाम करीब 5 बजे हुई इस घटना में बहादुर सिंह पिता मरदन सिंह मरावी उम्र 65 निवासी बदरेहल के गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद जानकारी पर मौके पर पहुंची, सम्बंधित पार्क टीम घायल को जिला अस्पताल लाये है,जहाँ फिलहाल घायल इलाजरत है। इस घटना में घायल का गला और चेहरा गम्भीर रूप से चोटिल बताया जा रहा है। सूत्रों की माने तो घायल अपने मवेशियों को लेकर वापस घर की ओर आ रहा था, तभी बदरेहल बीट के आरएफ 103 के करीब झाड़ियों की ओट में छिपे बाघ ने हमला किया है।

## जुआं फड़ संचालन के लग रहे वर्दी पर गंभीर आरोप

# रामजी-आदेश की जोड़ी बिगाड़ रही सिंहपुर की फिजा

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने अवैध कारोबार जैसे जुआ,सट्टा, अवैध शराब बिक्री, नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने सख्त आदेश जारी किए है। जिसके बाद भी शहर से लगे सिंहपुर थाना क्षेत्र में खुलेआम जुआ फड़ की महफिल सज रही है। सिंहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खुलेआम जुआ खेले जाने का मामला प्रकाश में आया है, क्षेत्र में वर्दी के संरक्षण में आदेश-रामजी नामक तथाकथित व्यक्तियों द्वारा थाना क्षेत्र से महज 100 से 200 मीटर की दूरी पर जुआं फड़ का संचालन कर रहे हैं। चर्चा है कि कुछ घंटो के अंदर प्रतिदिन लाखों रूपये का वारा-न्यारा होता है। इसको लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहा है और लोग अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई जुएं में गवां रहे हैं।



### दूर-दराज से पहुंच रहे जुआरी

सिंहपुर थाना क्षेत्र में जुआ अब चोरी छिपे नहीं बल्कि खुलेआम हो रहा है। ताश के पत्तो पर हजारों लाखों के दांव लग रहे हैं। इस जुए ने न जाने कितने ही परिवारों को बर्बाद कर दिया है। क्षेत्र के युवा जुएं की इस बुरी लत में फंसते जा रहे हैं। युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाले इन जुआरियों को अब पुलिस व कानून का भी कोई डर नहीं है। जिसके चलते रोज दांव लग रहा है। ऐसा नहीं है कि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है। मगर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किये जाने से जुआरियों के हौसले बुलंद हैं। सिंहपुर थाना क्षेत्र में संचालित जुएं के फड़ में दूर-दराज के जुआरी भी जुआ खेलने पहुंचते हैं और सुबह से रात तक दांव लगता है।

### मजबूत है जुआरियों का सूचना तंत्र

लोगों का कहना है कि जुआरियों के मुखबिर काफी सजग हैं। वे हर व्यक्ति पर नजर रखते हैं, जैसे ही कोई जुआ फड़ के रास्ते की ओर आता है तो, उसका लोकेशन और हुलिया पहले ही जुआरियों को पता चल जाता है। मुखबिरों को भी जुआ संचालक बड़ी राशि भुगतान करते हैं। जुए के फड़ में साहूकार मोटी रकम लेकर पहुंचते है, जहां पर जुआरी जुएं में रकम हारने के बाद तुरंत अधिक ब्याज पर राशि लेते हैं और फिर दांव लगाते हैं। ब्याज के इस धंधे में सूदखोर तो मालामाल हो रहे हैं, मगर ब्याज लेने वाले बर्बाद हो रहे हैं।

### दिखावे की होती है कार्यवाही

सिंहपुर थाना क्षेत्र में जुए का संचालन बड़े पैमाने में किया जा रहा है, लेकिन पुलिस द्वारा छोटे खिलाड़ियों को पकडक़र अपना कोटा तो पूरा कर लेती है, लेकिन जुए के बड़े फडों पर पुलिस की दबिश नहीं हो पा रही है, जिस कारण से जुआरियों के हौसले बुलंद है और लगातार सिंहपुर क्षेत्र में जुए का संचालन आदेश-रामजी द्वारा बेखौफ होकर किया जा रहा है, जुएं के संचालन की जानकारी थाने के मुखिया से लेकर हर वर्दीधारी को हैं, चौक-चौराहों पर चर्चा है कि वर्दीधारियों को महीना व हफ्ता देकर जुएं के फड़ से दूर कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय से सटे होने के कारण अगर यह बात कप्तान तक पहुंचती भी है तो, थाने से कोरमपूर्ति कर दिखावे की कार्यवाही की जाती है।

### मालामाल हो रहे आदेश-रामजी

जुआ खेलने के शौकीन मेहनत की कमाई जुए में लुटाने के साथ ही घर में पत्नी जेवरात व अन्य बहुमूल्य सामान बेचकर फड़ में दांव लगा देते हैं, इससे उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो जाती है। सिंहपुर थाना क्षेत्र में हजारों से लेकर लाखों का दाव लगाया जा रहा है। इस जुएं के खेल में आदेश-रामजी मालामाल हो रहे हैं। खबर है कि वर्दी से मिले संरक्षण के चलते सिंहपुर थाना क्षेत्र में जुआं खूब फल-फूल रहा है। खुलेआम बड़े पैमाने पर चल रहे जुएं के खेल की पुलिस को जानकारी न हो, यह अपने आप में काफी बड़ा सवाल है। सिंहपुर में जुए की फड़ लंबे समय से लगाई जा हैं, पूर्व में रजूस नामक जुआरी का नाम सामने आया था, लेकिन वर्दी के संरक्षण के चलते उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई, चर्चा है कि इस खेल में नेता से लेकर स्थानीय थाने का स्टॉफ भी शामिल रहता है। स्थानीय टपरों पर चर्चा है कि सिंहपुर थाना पुलिस की मिलीभगत से जुए को संचालित किया जा रहा है। सिंहपुर में संचालित जुएं की फड़ में संभागीय मुख्यालय सहित आस-पास के जिलों के बड़े खिलाड़ी आ रहे हैं तो मुख्य जुआ संचालनकर्ता रामजी एवं आदेश द्वारा ठीहे पर मोबाइल प्रतिबंधित कर रखे हैं, सूत्रो की माने तो जुएं का फड़ सेंटिग से संचालित होता है। कप्तान अगर मुख्यालय से स्पेशल टीम से छापे मार कार्यवाही करवाये तो, क्षेत्र में जुएं फड़ पर अंकुश लग सकता है।

# शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से मतदान कराना सेक्टर अधिकारियों का दायित्व: कलेक्टर



### जोनल, सेक्टर अधिकारी का प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया।** लोक सभा निर्वाचन 2024 को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु विधानसभा क्षेत्र 89 एवं 90 मानपुर के मतदान केंन्द्रों के लिए अधिकारियों को जोनल, सेक्टर आफिसर नियुक्त किया है। जिन्हें मास्टर ट्रेनरों द्वारा कलेक्टर सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम ने कहा कि सेक्टर के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रो मे मतदान शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने का दायित्व आपका होगा। सेक्टर में शांति व्यवस्था को बनाये रखने का दायित्व आपका होगा। इस कार्य हेतु पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही सीआरपीसी के तहत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण में सेक्टर आफीसरो को मतदान केन्द्रो का भौतिक सत्यापन रूट चार्ट तैयार करने, एएमएफ को सुनिश्चित करने, ईपी रेसियो, जेण्डर रेसियो हेतु कार्य, स्वीप गतिविधियो का संचालन, ईव्हीएम का प्रचार प्रसार, मतदान केन्द्र एवं वल्नरेवल क्षेत्र, वल्नरेवल मतदाता एवं उत्तरदायी तत्वो की पहचान, नीयत प्रपत्र व्हीएम 2 एवं व्हीएम 3 तैयार करने, निर्वाचन घोषणा के पांच दिन के अंदर चिन्हित वरिष्ट मतदाता 80 प्लस एवं एबीपीडी के लिए 12 डी का वितरण एवं कलेक्शन का पर्वेक्षण, व्हीआईएस के वितरण का पर्यवेक्षण, एएसडी की सूची का सत्यापन, पी-3 पर चिन्हित मतदान केन्द्रो पर वेब कास्टिग व्यवस्था का प्रमाणीकरण, सभी मतदान दलो की उपस्थिति सुनिश्चित करने, दलो द्वारा मतदान सामग्री प्राप्त की पुष्टि करने, सेक्टर हेतु रिर्जव ईव्हीएम, पावर बैंक तथा रिजर्व ईव्हीएम का प्रमाण पत्र प्राप्त करने, जीपीएस युक्त वाहन, सुरक्षाकर्मी प्राप्त करने, मतदान दलो की नीयत वाहन से रवानगी, सभी मतदान दलो का केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करने, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, ईव्हीएम संचालन प्रक्रिया व मतदान प्रक्रिया के संदेह को दूर करने, मतदान केंद्र पर आवश्यक सूचनाओ के प्रदर्शन का पर्यवेक्षण, आदर्श आचार संहिता की स्थिति का आकलन एवं सूचना, रिजर्व ईव्हीएम, व्हीव्हीपीएटी के साथ आर ओ द्वारा नीयत स्थान पर ठहरने आदि के संबंध मे जानकारी दी गई। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, संजय पाण्डेय द्वारा दिया गया।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सड़क पर उतरे युवा टीम

### लोगों को नुक्कड़ नाटक के जरिए किया जागरूक



उमरिया। मतदाता जागरूकता अभियान व स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व मार्गदर्शन पर युवा टीम के 12 सदस्यों ने नगर व ग्रमीण क्षेत्र में स्वीप वालंटियर हिमांशु तिवारी के नेतृत्व में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।इसका उद्धेश्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना था। प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित दर्शन एवं छात्र-छात्राओं को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु उत्साहित किया गया।स्वीप वालंटियर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते गए कहा कि मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने उन्हें लगातार मतदान वे प्रति प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के नागरिक के रूप में वोट देना आपका अधिकार हैं। जिम्मेदारी से इसका उपयोग कर इस अधिकार का सम्मान करें। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए 19 अप्रैल को वोट अवश्य डाले। मतदाता निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करें। टीम सदस्य ने युवा टीम की यही पुकार सब वोट करेंगे अबकी बारÓ 'युवा टीम ने ठाना है, वोटिंग करने जाना हैÓ नारे लगाकर जागरूकता फैलाई। युवाओं को अपने इरादों पर कायम रहने की बात कही और कहा कि युवा खुद भी वोट करने के लिए जाएं और दूसरों को भी बूथों पर ले जाने का कार्य करें। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान का महत्व बताया और मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान को जरूरी बताया। नुक्कड़ नाटक के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता खुश्बू सिंह, शिक्षिका इच्छा तिवारी, स्वीप वालंटियर हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, प्रेरणा तिवारी, दीप्ति सिंह, छोटी परिहार, राघवेंद्र सिंह, कान्हा परिहार, नैंसी सोनी, माही सोनी, सौरभ पांडे, अमर बैगा व सभी उपस्थित रहे।

# आकाश में गुब्बारा छोड़कर दिया गया मतदान करने का संदेश

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है। मतदान में उमरिया के मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करें इस हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, एवं मतदाताओं से 19 अप्रैल मतदान दिवस के दिन मतदान करने की अपील की जा रही है। जिला मुख्यालय उमरिया में स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयुक्त बी. एस. जामोद, एडीजीपी शहडोल जोन डी. सी. सागर, डीआईजी शहडोल सविता सुहाने, उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू द्वारा आकाश में गुब्बारा छोड़कर 19 अप्रैल के दिन मतदान करने का संदेश दिया गया। संदेश के माध्यम से कहा गया कि आप स्वयं तो मतदान करें ही साथ ही अपने रिश्तेदारो, पड़ोसियो, ईष्ट मित्रों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मतदान में सभी भागीदारी सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



# ग्राम धूपखडा में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है। मतदान में सभी मतदाताओ की भागीदारी सुनिश्चित हो एवं अधिक से अधिक मतदाता लोकतंत्र के इस पर्व में भाग ले, इसके लिए स्वीअप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित कर मतदाताओ से मतदान करने की अपील की जा रही है। मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम धूपखडा में बीएलओ की उपस्थिति में ग्राम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई जो विभिन्न जगहो से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को 19 अप्रैल मतदान दिवस के दिन शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। रैली के माध्यम से संदेश दिया गया कि सारे काम छोड़कर 19 अप्रैल के दिन सबसे पहले मतदान करना है एवं परिचितों को भी मतदान की महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। मतदान करना हम सबकी महती जिम्मेदारी है।




# अभ्यर्थी व 5 व्यक्ति आरओ कक्ष में कर सकेंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। 100 मीटर के अंदर केवल तीन वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक चलेगी। 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने अथवा दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सभी सुसंगत एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे नामांकन फार्म जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ पत्र आदि के साथ आर ओ कक्ष में आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है, जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी।

# व्यय प्रेक्षक द्वारा एसएसटी नाका मसीराघाट एवं पोडी का निरीक्षण किया गया



**उमरिया।** लोक सभा निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष्य में उमरिया एवं शहडोल जिले की सीमा में पोडी घाट के पास बनाये गये एसएसटी नाका एवं मसीराघाट पर बनाये गये एसएसटी नाका का भारत निर्वाचन आयोग व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-12 शहडोल के लिये नियुक्त व्यय प्रेक्षक रामकृष्ण केडिया द्वारा गत दिवस औचक रूप से निरीक्षण किया गया। उन्होने ड्यूटी में तैनात स्टाफ को यहां से गुजरने वाले हर वाहन को रोककर जांच करने के निर्देश दिए तथा वाहन संबंधी जानकारी रजिस्टर करने को कहा। निरीक्षण के दौरान लायजनिंग आफीसर सहित अन्य अधिकरी उपस्थित रहे।

# भारतीय स्टेट बैंक जमुना शाखा में चरम पर दलाली का खेल

### ग्रीन काउंटर की कमी से ग्रामीणों को असुविधा, प्रबंधक से कार्यवाही की मांग

**जमुना/बदरा।** भारतीय स्टेट बैंक के जमुना शाखा का सम्बन्ध हमेशा से विवादों से रहा है जिसका कारण बैंक के विभिन्न प्रकार की सुविधाएं ग्राहकों को ना मिल पाना है और केंद्र और राज्य सरकार के ऋण योजनाएं जैसे - मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना , किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख़्यमंत्री स्वरोजगार योजना, और विभिन्न प्रकार के योजना का बैंक द्वारा लाभ उपलब्ध कराने मे असफल रहा है और यह कह सकते है की प्रबंधक का कुप्रबंध प्रबंधन और तानासाही रवैया है।

### बैंक में दलाली का खेल

भारतीय स्टेट बैंक शाखा जमुना शाखा मे बैंक के विभिन्न सेवाएं जैसे -कार लोन, कृषि लोन, होम लोन, किसान क्रेडिट कार्ड, एजुकेशन लोन और खाता खुलवाना, डायरेक्ट बेनिफिट चालू करवाने के लिए किसी एक दलाल को पकड़ना पड़ता है जिससे सभी काम होते है पर एक निश्चित राशि का भुगतान करना पड़ता है। बता दें कि बैंक में जमा होने वाला आम जनता का धन देश के विकास के लिए निवेश होता है। बैंकिंग सेवा क्षेत्र से जुड़ी हुई है। इसे दलालों ने अपने हाथों में ले रखा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक के दलालों का बोलबाला है। खाता खुलवाने से लेकर ऋण लेने तक कमीशनखोरी और दलाली का उपभोक्ताओं को सामना करना पड़ता है। इसके बगैर उपभोक्ताओं को केवल आश्वासन ही हाथ लगता है काम नहीं होता है बैंकिंग क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्था और दलालों की मध्यस्थता से आम जन को बैंकिंग सेवाएं लेने में खासा रोड़ा साबित हो रही है। ग्रीन काउंटर का आभाव और ऋण योजनाओं का लाभ नहीं ग्रामीण जन, महिला, रिटायर्ड कर्मचारी, किसान को बैंकिंग सेवाएं लेने मे हमेशा से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के जमुना ब्रांच मे कठनाईयो और आराजकता, अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है।




### ग्रीन काउंटर नहीं होने से बढ़ रही परेशानी

जमुना शाखा मे कई वर्षो से ग्रीन काउंटर चैनल नहीं है जिससे बूढ़े और महिलाएं कई घंटाओ तक लाइन मे लगे रहते है और कठनाईयो का सामना करना पड़ता है यह सब बैंक मैनेजर के अकुशल प्रबंधन से हो रहा है। ग्रीन काउंटर चैनल का उपयोग जमा निकासी के लिए किया जाता है और यह पेपरलेस और बिना लाइन अप इसका इस्तेमाल कर सकते है इसी तरह फील्ड ऑफिसर का काम लोन दिलाना होता है और भौतिक निरीक्षण करना होता है कि कितने तक लोन दिया जा सकता है और यह देखना है कि किसानो को किसान क्रेडिट कार्ड ज्यादा लाभ मिल सके लेकिन यह साहब तो बैंक मे आराम फरमाते है यही कारण है कि किसानो को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ और केंद्र सरकार के लाभकारी ऋण योजनाओं का लाभ किसानो और युवा वर्ग को न के बराबर मिल रहा है।

### ग्रामीणों ने की क्षेत्रीय प्रबंधक से कार्यवाही की मांग

सरकार तमाम योजनाओं का लागू करती है लेकिन धरातल पर इन योजनाओं की हकीकत कुछ अलग ही दिखती है। वैसे भी जमा, निकासी, स्थानांतरण, ऋण अथवा कोई सूचना कुछ भी हो बैंक में हासिल करना टेढ़ी खीर है। भारतीय स्टेट बैंक जमुना कॉलरी में व्याप्त भरेशाही को लेकर आम जनों ने भारतीय स्टेट बैंक के उच्च अधिकारियों से मांग किया है कि निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाए और आम जनता के लिए सुविधा सुलभ सहज कराया जाए जिससे कि लोगों का भरोसा भारतीय स्टेट बैंक पर बना रहे।

## खबर संक्षेप

### मोतीलाल साकेत ए.आई.एफ.बी.के होंगे रीवा लोकसभा प्रत्याशी



**रीवा ।** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक रीवा संभाग की एक आवश्यक बैठक मध्यप्रदेश के जनरल सेक्रेट्री श्री अरुण प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं संभागीय अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जनरल सेक्रेट्री श्री अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि पूरे मध्य प्रदेश में ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगा जिसमें इन्दौर, भोपाल, भिण्ड, खजुराहो, रीवा प्रमुख है। उन्होने रीवा लोकसभा 10 से अनुसूचित जाति मंच के प्रदेशाध्यक्ष श्री मोतीलाल साकेत का नाम घोषित किया, खजुराहो सीट से सेवा निवृत्त कमिश्नर राजा भैया प्रजापति को प्रत्याशी बनाया गया तो वहीं भिण्ड से विजय सिंह शाक्य को लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया गया। भोपाल एवं इन्दौर सीट के प्रत्याशी की घोषणा अगले लिस्ट में की जायेगी। बैठक में प्रमुख रूप से अनुसूचित जनजाति मंच के जिलाध्यक्ष राजकुमार कोल, मोतीलाल साकेत, अजय यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए लगातार की जा रही अंतराज्यीय बार्डर में वाहन चेकिंग



**रीवा ।** रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए एवं आचार संहिता के नियमों का पालन किए जानें हेतु रीवा जिले की सीमा से लगे क्षेत्रों एवं उ.प्र. की सीमा के क्षेत्रों में लगातार वाहन चेकिंग की जा रही है साथ ही शहरी क्षेत्र मे भी लगातार वाहन चेकिंग कर लोगो को आचार संहिता के नियमों का पालन किए जानें हेतु समझाइस दी जा रही है । वाहन चेकिंग के दौरान अवैध तस्करी एवं चुनाव प्रचार सामग्री का परिवहन करनें वाले लोगो पर सख्ती से नजर रखी जा रही है।

### व्यय प्रेक्षक पहुंचे रीवा, आमजन उनके मोबाइल नंबर 8109904612 पर कर सकते हैं संपर्क

**रीवा।** लोकसभा चुनाव में व्यय की निगरानी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव रीवा पहुंच गये हैं। उनका मोबाइल नंबर 8109904612 है। व्यय प्रेक्षक श्री यादव से उनके मोबाइल नंबर पर आमजन संपर्क कर सकते हैं।

### अवकाश के दिनों में भी खुलेगा कार्यालय

**कटनी।** निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा 31 मार्च 2024 तक बकाया करदाताओं के लिए निरंतर टैक्स कलेक्शन काउंटर खोले जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही नगर निगम द्वारा आम नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से शहर के हृदय स्थल सुभाष चौक पर भी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अब करदाताओं द्वारा बकाया कर जमा न किये जाने की स्थिति में नगर निगम के द्वारा बड़े बकायादारों से वसूली हेतू कुर्की तालाबंदी और बैंक खाता सीज करने की कार्यवाही की जाएगी। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में राशि जमा न किए जाने पर स्वयं निवास वाले भवनों का संपत्ति कर आगामी वित्तीय वर्ष में राज्य शासन के नए नियम अनुसार दोगुना कर दिया जाएगा टैक्स दोगुना होने के बाद लोक अदालत से भी छूट नहीं मिल सकेगी, इस संबंध में राजस्व विभाग द्वारा लगातार बकायेदारों को कॉल एवं फ्लेक्स होर्डिंग समाचार पत्र सोशल मीडिया के माध्यम से नए नियमों की जानकारी दी जा रही है साथ ही करदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क भी किया जा रहा है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय भागवत कथा शुभारंभ







**धनपुरी।** संगीतमय श्री भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 28 मार्च से 05 अप्रैल 2024 तक किया जा रहा है भागवत कथा विलियस नंबर 1 वार्ड नंबर 5 शंकर मंदिर के पास स्थित प्रांगण में भागवत कथा के लिए पंडाल लगाया गया है जहां श्रद्धालु जन बैठकर भागवत कथा का पुण्य लाभ उठाएंगे। आयोजन कर्ता नगर के गणमान्य नागरिक श्रीमती कांता रमाशंकर शुक्ल,राजेश शुक्ला,उदयकांत शुक्ला के सौजन्य से भव्य आयोजन किया जा रहा है।कथा का वाचन श्री बालकृष्ण पांडे (पट्टी दिलीपपुर प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश)जी महाराज के द्वारा किया जा रहा है कार्यक्रम के प्रथम दिवस 28 मार्च शाम 5 बजे कलश यात्रा निकाली गई जो शंकर मंदिर यज्ञ स्थल से विलियस नंबर एक स्थित खेर माता मंदिर से बरगद तिराहा होते हुए काली मंदिर पहुंची जहां पूरी विधि विधान के साथ मंत्र उच्चारणो के साथ कलश जल लेकर कथा स्थल पर पहुंच कर कलश यात्रा समाप्त हुई ।कलश यात्रा में नगर का जन सैलाब उमड़ाकलश यात्रा (शोभा यात्रा) नगर के वार्ड नंबर 5 में सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन को लेकर वार्डों में लोगों का श्रद्धा भाव देखते ही बन रह था जगह-जगह लोगों ने कलश यात्रा का स्वागत किया और कलश यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए।श्रद्धालु जनों की भीड़ उमड़ीप्रवचन का समय प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक दोपहर 3 बजे से 7 बजे शांय तक प्रति दिन किया जा रहा है भागवत कथा आयोजन उत्तर प्रदेश से पधारे श्री बालकृष्ण पांडे जी महाराज जिनका प्रवचन सुनने के लिए नगर के सभी वार्डों से श्रद्धालुजन विलियस नंबर 1 शंकर मंदिर स्थित प्रांगण में भागवत कथा सुनने पहुंचकर भागवत कथा सुनकर पुण्य लाभ ले रहे है प्रतिदिन प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। बैठने की उत्तम व्यवस्था रावेंद्र शुक्ला, बृजेश शुक्ला ने बताया कि भागवत कथा सुनने के लिए भक्त जनों महिला व पुरूष की बैठने सभी व्यवस्था बनाई गई है जो किसी प्रकार की परेशानी नही है।

# जनता के बीच इन्हें देना चाहिए 10 साल का रिपोर्ट कार्ड : नीलम मिश्रा

### ग्रामीण क्षेत्रों में जनसभाओं उमड़ रही महिलाओं की भीड़

**रीवा।** राष्ट्रीय कांग्रेस की लोकसभा क्षेत्र रीवा की प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा विभिन्न सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में जनसंपर्क के दौरान वर्तमान सांसद पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 10 साल के दौरान पार्टी के सांसद ने ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए कोई ऐसे काम नहीं किया जिसे जनता याद रख सके। इन्होंने कहा कि 10 साल का कार्यकाल बहुत होता है, अगर वह इच्छा शक्ति के साथ चाहते तो विकास ही विकास दिखाई देता। इन्होंने कहा कि जनसंपर्क के दौरान वह जिस गांव में जा रही हैं, वहां के लोग समस्याओं की झड़ी लगा देते हैं। हैंड पंप खराब पड़े हैं, नल जल योजना का लाभ नहीं के बराबर लोगों को मिल रहा है, पानी के लिए लोग अभी से कई जगह भटक रहे हैं। लेकिन सत्ता प्राप्त कर चुके यहां की संसदीय इलाके के सांसद को जनता की समस्याओं को देखने की फुर्सत नहीं है। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने स्थानीय जनता से कहा कि अगर वह उन्हें आशीर्वाद देते हैं तो सबसे पहले वह मूलभूत समस्याओं के निराकरण पर ही अपना ध्यान केंद्रित करेगी। क्योंकि इन्हीं छोटी-छोटी समस्याओं के चलते उन्हें अपने जीवन यापन में दिक्कत आती है। इसके अलावा इन्होंने आश्वस्त किया है कि इस क्षेत्र में बेरोजगारी और



पलायन की समस्या जबरदस्त है, इस दिशा में भी भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने जरा सा भी कार्य नहीं किया है। स्थानीय उद्योगों में यहां के बेरोजगारों को जगह नहीं मिल रही है। इसके लिए वह विशेष कार्य योजना बनाकर स्थानीय बेरोजगार युवाओं का पलायन रोकने हुए स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने गुढ़ विधानसभा अंतर्गत रायपुर कर्चुलियान ब्लॉक के कोष्ठा, बेलहा, चोरगड़ी, सिरखानी, भलुहा, पैपखरा, बारहदी, बुड़वा में आयोजित जनसभा एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में भाग लिया । हम सब मिलकर यह चुनाव लड़ेंगे और यह जीत जनता की जीत होगी। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव का मन बना चुकी है।

# बसपा ने अभिषेक को मैदान में उतार कर बिगाड़ दिया भाजपा-कांग्रेस का समीकरण

**रीवा।** बहुजन समाज पार्टी ने रीवा लोकसभा सीट में ओबीसी चेहरे पर दांव लगाकर ब्रा हण प्रत्याशियों के माथे पर बल ला दिया। गुरूवार को जारी सूची में रीवा लोकसभा सीट पर बीएसपी ने अभिषेक पटेल का अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। इस बात की खबर जैसे ही राजनीति के गलियों में आई तो इस बात की चर्चा होने लगी कि ब्रा हण प्रत्याशियों के आपसी खींचातानी में पटेल समाज का प्रत्याशी बाजी मार सकता है। बताते चले कि भाजपा द्वारा प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद बहुजन समाज पार्टी कांग्रेस प्रत्याशी के घोषणा का इंतजार करता रहा है। बीएसपी में इस बात की चर्चा थी कि यदि कांग्रेस ब्रा हण प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारता है तो बीएसपी पटेल या फिर क्षत्रिय समाज के प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारेगी। उसके लिए प्रत्याशी का भी चयन कर लिया गया था। राजनीति के पंडितों का अनुमान है कि भाजपा से जनार्दन मिश्रा एंव कांग्रेस से नीलम अभय मिश्रा के चुनाव मैदान में आने से दोनो ही प्रत्याशी पार्टी के बोट बैंक में सेंध लगाने के साथ ही जातिगत सेंध भी लगायेंगे, जिससे ब्रा हण बोट दो खेमों में बट जायेगी। वहीं अभिषेक पटेल के संबंध में अनुमान लगाया जा रहा है कि बीएसपी बोट बैंक के साथ ही अभिषेक पटेल अपने समाज के साथ ही ओबीसी समाज का भरपूर समर्थन मिलने की आशंका जताई है जो कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों का समीकरण बिगाडने के लिए पर्याप्त बताया जा रहा है। बाक्स पूर्व सांसद की हरसत रह गई अधूरी राजनीति के चार चकरा में पानी भरकर बीएसपी में वापस लौटे पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल की हरसत अधूरी रह गई। बीएसपी से सांसद, विधायक चुने गये बुद्धसेन पटेल अपना राजनैतिक भविष्य तलासने कांग्रेस और भाजपा की सदस्यता ली और उसके लिए काम भी किया। लेकिन उनको भाजपा एंव कांग्रेस में अपना राजनैतिक भविष्य अंधकारमय लगा और 28 साल दर-दर भटकने के बाद बीएसपी के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत टिप्पल के हाथों सदस्यता लेते हुए इस आश्वासन पर घर वापसी करी कि होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी रीवा से उनको चुनाव मैदान में उतारेगी। लेकिन बीच में युवा नेता अभिषेक पटेल को प्रत्याशी घोषित किये जाने पर उनके सपने टूटकर बिखर गये और सांसद बनने का सपना अधूरा ही रह गया। अपना दल से अभिषेक ने फूंका था राजनीति का बिगुल गुढ विधानसभा के तमरादेश गांव में 26 जनवरी 1988 को जन्मे अभिषेक पटेल एमबीए, एलएलएम के पढ़ाई करने के बाद पिता मास्टर बुद्धसेन पटेल के नक्शेकदम पर चलकर समाजसेवक बनने का बिगुल फूंक दिया। अपना दल के नेताओं ने उनकी कार्यशैली को देखते हुए गुढ़ विधानसभा से 2013 में अपनी ओर से प्रत्याशी घोषित कर दिया था। लेकिन कांग्रेस, भाजपा और बसपा के दिग्गज नेताओं की वजह से एक युवा नेता गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में उभर कर रह गया और उसके बाद 2018 में बीएसपी में शामिल हो गये। युवा अवस्था में ही अभिषेक पटेल ने कई धरना प्रदर्शन एंव आंदोलन में भाग लेकर जनता को न्याय दिलाने का काम किया।

# रूपयों के लेन देन को लेकर युवक पर चाकू से किया कातिलाना हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांधीगंज में गत रात्रि चाकू बाजी की घटना सामने आई है। हथियारों से लैस कुछ युवकों ने 27 मार्च की देर रात लगभग 9:30 बजे तीन युवकों को घेर कर हमला कर दिया। मारपीट करते हुए युवकों ने एक युवक के पेट में चाकू घोंप दिया जबकि दूसरे के सर पर बोतल मारकर उसका सिर फोड़ दिया। घटना के बाद घायल युवकों को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चाकू बाजी का शिकार हुए युवक को सघन उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि गांधीगंज रावत गली निवासी 19 वर्षीय साहिल पिता नरोत्तम निषाद अपने साथी आशीष सोंधिया व एक अन्य युवक के साथ रात लगभग 9:30 बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान ॠतिक निषाद, विक्की कुशवाहा, वासु चौरसिया एवं भालू चौरसिया ने रूपयों के लेनदेन को लेकर उन्हें रास्ते में रोक कर विवाद शुरू कर दिया। मारपीट करते हुए उक्त युवकों ने साहिल के पेट में चाकू मार दी। जबकि आशीष के सर पर बोतल मार कर उसका सिर फोड़ दिया।

### व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में व्यय लेखा निगरानी दलों की बैठक संपन्न

# निर्वाचन व्यय की मानीटरिंग पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से करें - व्यय

**रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में निर्वाचन व्यय की मानीटरिंग के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, मीडिया सर्टिफिकेशन, लेखा दल के प्रभारी अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल व पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह भी उपस्थित रहे।**

बैठक को संबोधित करते हुए व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव ने कहा कि प्रत्याशियों एवं राजनैतिक दलों के चुनाव खर्च की निगरानी के लिए विभिन्न दलों का गठन किया गया है। निर्वाचन व्यय की मानीटरिंग दल में शामिल सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना आवश्यक है। इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गयी गाइडलाइन के अनुसार ही निर्वाचन व्यय की मानीटरिंग सुनिश्चित की जाय। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा स्वंत्रत व निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जा रही हैं। निर्वाचन व्यय, लेखा निगरानी दलों के सदस्यों की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है इसलिए उन्हें अत्यधिक सजग होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करना आवश्यक है। व्यय प्रेक्षक ने



कहा कि निर्वाचन व्यय की निगरानी के लिए गठित दलों को आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए समय सीमा में प्रतिवेदन भेजना जरूरी है इस लिए सभी को अपना कार्य मुस्तैदी से करते हुए प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जनसभा, पोस्टर, बैनर, विज्ञापन सहित अन्य खर्चों पर निगरानी रखने के साथ ही मतदाताओं को प्रलोभन एवं उपहार आदि के वितरण पर भी कार्यवाही करें। स्थैतिक दल निर्धारित नाकों में लगातार जांच की कार्यवाही करें। समस्त कार्यवाही की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से करायी जाय। वीडियो सर्विलेंस दल के सदस्य पूरी सावधानी से वीडियो बनाते समय वीडियो के प्रारंभ में विवरण का प्रस्तुतिकरण करें तथा वीडियो समाप्त होने के बाद उसमें किये गये रिकार्डिंग का उल्लेख करें। सभा, जुलूस, रैली आदि के वीडियो बनाते समय उसमें शामिल वाहनों की संख्या, नंबर, प्रचार सामग्री, तम्बू, कुर्सियों, लाउडस्पीकर से लेकर चुनाव प्रचार के लिए उपयोग की गयी प्रत्येक सामग्री का स्पष्ट वीडियो तैयार करें तथा उसे स्वयं देखने के बाद ही भेजना सुनिश्चित करें। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि उम्मीदवार के विज्ञापन, पेडन्यूज तथा इलेक्ट्रानिक चैनल व सोशल मीडिया में भी विज्ञापन का खर्च जोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी प्रत्याशी चुनाव में 95 लाख रूपये तक की राशि खर्च कर सकता है। उम्मीदवार द्वारा किये गये खर्च का निर्वाचन अवधि के दौरान तीन बार परीक्षण व्यय दल द्वारा किया जायेगा। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के लागू होते ही सभी निर्वाचन व्यय टीमों का कार्य प्रारंभ हो गया है। आयोग द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार दलों द्वारा चुनाव खर्च की निगरानी की जा रही है। चुनाव प्रचार में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन, संपत्ति विरूपण तथा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन पर वैधानिक कार्यवाही होने के साथ ही चुनाव खर्च में इसकी राशि शामिल की जायेगी। सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय मानीटरिंग दल के सदस्यों से किये जा रहे कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक मार्गदर्शन दिये।इससे पूर्व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने जिले में निर्वाचन व्यवस्थाओं के संबंध में की गयी तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित निर्वाचन व्यय मानीटरिंग के विभिन्न दलों के सदस्य उपस्थित रहे।

# मऊगंज वीरों, राष्ट्रवादियों की धरती: जनार्दन मिश्रा



**रीवा।** रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने मऊगंज विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में सघन चुनावी जनसंपर्क करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है हमें 2003 के पहले की कांग्रेस शासन को याद रखना चाहिए जिसके कारण रीवा से मऊगंज आनेमें पूरा दिन लग जाता था आज मऊगंज विकास की नई इमारत लिख रहा भाजपा सरकार ने मऊगंज के स्वप्न को साकार करते हुए जिले की सौगात दी और आज मऊगंज हर दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है भाजपा जो कहती है उसे हमेशा पूरा करती है मोदी जी हर गारंटी को पूरा करने की गारंटी है रीवा सांसद ने कहा कि मऊगंज धरती को मैं सदैव प्रणाम करता हूं यह भूमि वीरों राष्ट्रवादियों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और सनातनियों की है भाजपा ने गरीब कल्याण से लेकर हर वर्ग की चिंता करते हुए सभी के कल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम किया है और सभी को उचित अवसर देकर जन-जन के विकास को पूरा किया यह चुनाव राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाने वाला चुनाव है हर मतदान केंद्र में भाजपा की पूर्ण विजय के लिए मऊगंजबासी प्रत्याशी बनाकर यह चुनाव लड़े जनसंपर्क के दौरान अनिरुद्ध शर्मा मनोज चतुर्वेदी नरेंद्र तिवारी श्रीमति संतोष सिंह सिसोदिया छत्रपाल सिंह चंद्रकांत मिश्रा शैलेंद्र सिंह दुबे रामलाल गुप्ता राजकुमार पटेल भगवान शुक्ला महेंद्र सिंह दशरथ पटेल कमलभान सिंह विनोद गौतम बिहारी लाल सही कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मैहर पुलिस में नहीं सुनी फरियाद तो महिला पहुंची आईजी कार्यालय लगाई न्याय की गुहार



**रीवा।** ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर एक नवब्याहता ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए नवब्याहता ने रीवा आईजी कार्यालय पहुंचकर न्याय की मांग की है। मैहर जिले के नरौरा निवासी कशिश तिवारी पत्नी दीपक ने आईजी कार्यालय दिए शिकायत पत्र में बताया है कि उसका ब्याह 29 मई 2023 को हुआ था। दहेज में दो लाख रुपए की मांग करते हुए ससुराल पक्ष वाले प्रताड़ित करने लगे। ससुराल मे मुझे दिन भर भूखा रखा जाता था एवं बाथरूम में व गेट में ताला लगा दिया जाता था। वह प्रताड़ना से तंग आकर अपने मायके चली गई, वही जब मैं अपने मायके आ गई तो पति एवं ससुर मेरे आकर मेरे साथ गाली गलौच एवं मारपीट पर आमादा होते थे। मैं अपनी जान बचाकर वृन्दावन धाम चली गई लेकिन वहां भी ससुराल पक्ष वाले फोन से जान से मारने की धमकी देते है महिला ने आरोप लगाया कि मैहर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है, इसलिए वह फरियाद लेकर आईजी ऑफिस आई है। उसने घटना की जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### इनका कहना है

एक महिला आई थी जिन्होंने अपने ससुराल पक्ष के ऊपर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। जांच के आदेश दिए गए हैं जांच मे सिद्ध होने के उपरांत विधि संहिता के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**महेंद्र सिंह सिकरवार**
**पुलिस महानिरीक्षक रीवा रेंज**

## खबर संक्षेप

### शारीरिक बीमारी से तंग वृद्धा ने उठाया आत्मघाती कदम



**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दुलहरा के सकरिया निवासी एक 55 वर्षीय वृद्धा ने अपने शारीरिक बीमारी से तंग आकर घर के अंदर विगत रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतिका के शव का पंचनामा, गवाहों के बयान लेते हुए जिला चिकित्सालय अनूपपुर के ड्यूटी डॉक्टर से पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु शव परिजनों को सौंप कर जांच प्रारंभ की है। विवरण में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर से 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत दुलहरा के वार्ड नंबर 18 सकरिया गांव निवासी राम खिलावन कहार की 55 वर्षीय पत्नी चंपादेवी कहार जो प्रत्येक दिन दिनचर्या अनुसार पति के साथ खेत में लगे फसलों को काटने एवं आंगन में इकट्ठा करने का काम की रही शाम होने पर पति पड़ोस में घूमने-बैठने गया रहा जो देर रात घर वापस आया तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है जिसे खोलकर अंदर जाकर देखने पर अंदर की कमरे में पत्नी चंपादेवी को फांसी लगी स्थिति में देखा जिसकी जानकारी पड़ोस के लोगों के साथ अपने रिश्तेदारों-परिजनों को दी जिनकी आने पर देर रात हंड्रेड डायल पुलिस के साथ कोतवाली अनूपपुर पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसकी शुक्रवार की सुबह पुलिस के द्वारा मृतिका के शव का पंचनामा, गवाहों के बयान लेते हुए जिला चिकित्सालय अनूपपुर के शव वाहन से शव भेज कर ड्यूटी डॉक्टर से शव परीक्षण कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा गया है। मृतिका के पति एवं परिजनो ने बताया कि चंपादेवी विगत एक वर्ष से अपने शारीरिक परेशानी से पीड़ति रही है जिनका परिजनों द्वारा देशी तथा अंग्रेजी उपचार कराया जा रहा था लेकिन उसकी समस्या का निदान नहीं हो पा रहा था जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाया है।

### जमीनी विवाद में वृद्धा की हत्या, एडीजीपी पहुंचे मौके पर

**अनूपपुर।** थाना जैतहरी क्षेत्र के ग्राम कुकुरगोड़ा के छेरियान टोला मे एक 63 वर्षीय वृद्ध महिला मति बाई पति स्व. वीर सिंह की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार मृतिका के भांजे का लड़का भेलन सिंह से वृद्धा की लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी विवाद पर उक्त युवक ने चिमटा से वृद्धा को मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी लगते ही थाना जैतहरी प्रभारी पीसी कोल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के अलावा शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर भी घटना स्थल पहुंचे जहां उन्होने मौके का मुआयना कर आरोपी पर 30 हजार का ईनाम भी घोषित किया है। जानकारी के अनुसार मृतिका के साथ पूर्व मे भी आरोपी ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने जगह जगह तलाश की जा रही है।


### जिला स्तरीय ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**राजनगर।** वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 28 मार्च को नयू राजनगर वॉलीबॉल खेल मैदान में आयोजित किया गया इसमें अनूपपुर ब्लॉक की टीमों ने भाग लिया विजेता टीम राजनगर विजेता टीम कमल नगर खिलाडियो से थाना प्रभारी रामनगर द्वारा परिचय प्राप्त किया गया विजेता टीम को पुरस्कार सीएमओ बनगवा राजेंद्र कुशवाहा प्राचार्य शा उच्च माध्यमिक विद्यालय संतोष कुमार सक्सेना पत्रकार सुमिता शर्मा के हाथों से वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र यादव जिला खेल प्रशिक्षक खेल और युवा कल्याणविभाग अनूपपुर शेख खलील कुरैशी जनजाति कार्यविभाग जिला क्रिडा प्रभारी मोहम्मद सलीम सिदकी पी.टी आई प्रेम पांडे पीटीआई संदीप मंडल अतिथि पीटीआई हरिशंकर यादव सोमनाथ प्रचेता राम विन्द सुरेंद्र शर्मा विक्रांत प्रताप सिंह पंकज उपाध्याय सिनियर खिलाड़ियों भी मौजूद रहे

## मोबाइल एप से मिल रही टीमों के 'भाव' की पूरी डिटेल

# मोबाइल बना जरिया, गली-गली लग रहा सट्टा

चाकूबाजी, हत्या, बलात्कार और गैंगरेप की वारदातों के बाद अब अनूपपुर तेजी से आर्थिक अपराधों का गढ़ बन रहा है। रातों रात अमीर बनने का ख्वाब बुनने वाले यहां के युवा संगठित आर्थिक अपराध के दलदल में धंस रहे हैं। आईपीएल शुरू होते ही जिले भर में सट्टेबाजों ने फिर जाल फैला दिया है। जिले में रोजाना लाखों करोड़ों के वारे-न्यारे हो रहे हैं। पूर्व मे पुलिस की सख्ती को देखते हुये इस बार पुलिस से बचने के लिए सट्टा संचालकों ने दांव से लेकर भुगतान तक सभी ऑनलाइन कर दिए हैं।



### आचार संहिता में चुनाव पर पुलिस के फोकस का सट्टेबाज उठा रहे फायदा

**अनूपपुर/कोतमा।** उधर, अब बॉल या रन ही नहीं बल्कि टॉस पर भी दांव लगाए जा रहे हैं। आईपीएल क्रिकेट का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। हर उम्र के लोग इसे देखने को बेताब रहते हैं, लेकिन इनमें सभी क्रिकेट प्रेमी नहीं तमाम ऐसे होते हैं जिन्होंने इस खेल को कमाई का जरिया बना लिया है। हर बार की तरह आईपीएल के इस सीजन में जमकर सट्टा लग रहा है। गली-मोहल्ले में लोग आपसी तालमेल पर सट्टा लग रहा तो वहीं पेशेवर भी नए-नए तरीके ईजाद कर काली कमाई के खेल में रमे हुए है। पुलिस इस पर लगाम लगाने की कोशिश में लगी है लेकिन सट्टेबाजी की जड़ें इतनी गहरी हैं कि उसे रोक पाना आसान नहीं है।

### ईजाद कर रहे नए-नए तरीके

सट्टेबाजी के पुरानी तरीकों से रुपये तो लग रही रहे लेकिन इस खेल खिलाड़ी नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। इन दिनों मोबाइल ऐप के जरिए खेल पर रुपये लगाने का चलन खूब है। यूं तो शहर भर में जाल फैला हुआ है लेकिन फिर भी कुछ ऐसे एरिया है जहां तेजी से लाइन (डब्बा) चल रहा है। डब्बा का मतलब कि सट्टेबाज एक ऐसा मोबाइल ऐप इस्तेमाल कर रहे हैं जिस पर टीमों के 'भाव' की पूरी डिटेल होती है इसे 'डब्बा' कहते हैं। इसके जरिए घर बैठे ही रुपये लगा सकते है। हालांकि खेलने वाले को एक मुश्त रकम देनी पड़ती है। यदि उसने पांच हजार दिया है तो दस हजार प्वाइंट मिलते हैं। इनका इस्तेमाल रुपयों की जगह होता है। इस ऐप में टॉस जीत-हार, सेशन दर सेशन, चौका-छक्का, प्लेयर के कैच छोड़ने-पकड़ने तक पर भी सट्टा लग रहा है। मोबाइल में लाइन ऐप खेलने वाले पुलिस की नजर में नहीं आ पाते हैं। हूबहू क्रिकेट गेम जैसा ऐप होने से साइबर एक्सपर्ट भी इसे पकड़ नहीं पा रहे है। यही कारण है कि इस समय महिलाएं और युवतियां भी मोबाइल में यही गेम सट्टेबाजी के तौर पर खेल रही है।

### कोतमा बना सट्टेबाजी का गढ़

आईपीएल शुरू होते ही एक बार फिर से नगर में सटोरियों के द्वारा नेटवर्क फैलाकर युवा एवं व्यापारियों को क्रिकेट सट्टे के जाल में फंसा कर बड़े पैमाने पर क्रिकेट सट्टा का दांव लगवाना शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि इस बार सटोरियों ने पुलिस से बचने के लिए नए-नए हथकंडे अपनाए हैं जिसमें उनके द्वारा ऑनलाइन आईडी बताकर युवाओं के मोबाइल में ही सट्टे का एप दे दिया है जिसमें युवा वर्ग अपने मोबाइल में ही क्रिकेट सट्टे के हर बाल एवं मैच पर जीत हार का दांव लगा रहे हैं और मैच के बाद उसका हिसाब सटोरियों से कर रहे हैं। दूसरी ओर कई नामी सटोरियों ने पुलिस के डर से नगर को छोड़ते हुए छत्तीसगढ़ एवं अन्य जगहों पर अपना अड्डा बनाकर फोन के माध्यम से हर बाल पर मैच एवं सेशन का सट्टा लगवा रहे है। नगर के स्टेशन चौक, मुर्गी बाजार, बनिया टोला, बस स्टैंड, टॉकीज रोड, श्रमिक नगर सहित अन्य जगहों पर क्रिकेट के बड़े बुकियो के ठीहे बने हुए हैं जिनके द्वारा प्रतिदिन करोड़ों रुपए की खाई बाजी करते हुए नगर भर में युवाओं एवं बड़े व्यापारियों के पुत्र को सट्टे के मकड़ जाल में फंसा कर उनको बर्बाद किया जा रहा है।

### बड़ी मछलियों पर कार्रवाई से टूटेगा सट्टा नेटवर्क

### छत्तीसगढ़ से चला रहे नेटवर्क

पूरे साल सट्टे के काले कारोबार की बड़ी मछलियों को इसका इंतजार रहता है। हर साल करोड़ों रुपये के दांव जिले से लगते हैं। इस साल चुनावी माहौल है, आचार संहिता लगी हुई है। पुलिस का फोकस पूरी तरह चुनाव पर ही रहता है, ऐसे में अब क्रिकेट पर सट्टा खिलाने वालों पर लगाम पुलिस किस तरह लगा पाती है, यह बड़ा सवाल है? सट्टे के जाल को तोड़ना पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसे तभी तोड़ा जा सकता है, जब जिले के बड़े सट्टेबाजों की कमर टूटे। पुलिस को चकमा देने के लिए सट्टे के काले कारोबार को गली-गली तक फैलाने वाले बड़े सट्टेबाजों ने नया तरीका निकाला है। इससे पुलिस इन तक न पहुंच सके। क्रिकेट पर आनलाइन सट्टे की चेन आपरेट करने वाले बड़े सट्टेबाज पहले ही शहर से बाहर चले जाते हैं। यह लोग शहर छोड़ देते हैं, शहर के आउटर में फार्म हाउस से लेकर अन्य जगह यहां तक कि छत्तीसगढ़ राज्य में बैठकर सट्टे का नेटवर्क आपरेट करते हैं। यह लोग हार-जीत के दांव लगवाते हैं। अगर पुलिस को इसकी खबर भी लग जाए तो यह बेरोजगार लोग ही पकड़े जाते हैं। पुलिस कभी भी इस नेटवर्क के सरगना तक नहीं पहुंच पाती। इसी तरह सट्टे का नेटवर्क लक्जरी गाड़ियों से भी आपरेट होता है।

### सटोरिये ऐसे लगाते हैं दांव

मैच शुरू होते ही भाव खुलता है और फिर सटोरिये संचालकों के पास कॉल कर दांव लगाते हैं। उनसे रकम भी ऑनलाइन यूपीआई से जमा कराई जाती है और जीतने पर भुगतान भी इसी माध्यम से किया जाता है। कुछ सट्टेबाजों ने व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए हैं। इसमें किसी को तभी जोड़ा जाता है, जब ग्रुप का कोई सदस्य उसे जानता हो।

### खाता खोलने वाला गिरोह भी सक्रिय

इस बार आईपीएल के सटोरियो द्वारा आनलाइन सट्टा खिलाने का भी सिस्टम चालू किया है जिसके लेनदेन हेतु बोगस खातों की जरूरत पड़ती है। जिसके लिए कुछ चिन्हित बैंक के कर्मचारियों से सांठ गांठ कर बेरोजगार युवाओं के खातों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। बदले में 10 से 20 हजार देकर उक्त खातों में लाखो का लेनदेन करते है और ओवर ट्रांजेक्शन होने पर खाते का बंद कर दिया जाता है। कोतमा नगर के बूढ़ी दाई मन्दिर के पास बाकायदा ऑफिस खोल कर रखा गया है साथ ही बस्ती में भी सरगना के गुर्गे सक्रिय है जो प्रतिदिन नए-नए खातों को खुलवाने के लिए कोतमा एवं अनूपपुर के बैंकों में युवाओं को ले जाकर उनके खाते खुलवाते हुए सारे दस्तावेज अपने पास रखकर महीने दो महीने उसमें करोड़ों का लेनदेन करते हैं। हाल में ही किराना व्यापारी के पुत्र द्वारा आनलाइन सट्टेबाजी में फसकर मौत को गले लगाया था। परिजनो द्वारा मौत का कारण सट्टा एवं सूदखोरी को मानते हुई शिकायत की थी।

# विवेकानंद स्मार्ट सिटी अनूपपुर के विरुद्ध की गई झूठी शिकायतें

### शासन एवं हाईकोर्ट से हुई खारिज



**अनूपपुर।** रेलवे अंडर ब्रिज के पास जिले की प्रथम आवासीय कॉलोनी स्वामी विवेकानंद स्मार्ट सिटी के विरुद्ध कुछ कतिपय लोगों द्वारा झूठी शिकायत को अंतत शासन ने खारिज कर दिया। कुछ लोगों ने अपने अवैध लाभ पाने के लिए स्मार्ट सिटी को बदनाम करने के उद्देश्य से झूठे आरोप की शिकायत तहसीलदार, कलेक्टर, मध्यप्रदेश शासन प्रमुख सचिव को की थी। जिसकी जांच तहसीलदार की संयुक्त टीम ने एवं अधीक्षक भू अभिलेख द्वारा मौके पर जांच की गई। जिसमें शिकायत को झूठा पाया। भू अभिलेख अधीक्षक ने अपने प्रतिवेदन पर लिखा कि स्मार्ट सिटी में उपयोग की गई भूमिका निजी भू स्वामियों की है। जिसमें किसी भी शासकीय भूमि का अंश नहीं पाया गया। मौके पर पैमाईशी माप करके सभी खसरा नंबरों को नक्शा अनुसार सही पाया गया। तहसीलदार अनूपपुर ने जांच उपरांत प्रकरण क्रमांक-0088/74/2022-23 पर आदेश करते हुए स्मार्ट सिटी के खिलाफ की गई झूठी शिकायत को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट में भी जनहित याचिका हुई खारिज स्मार्ट सिटी अनूपपुर के विरोध मे हाईकोर्ट जबलपुर में कतिपय लोगों द्वारा जनहित याचिका 11525-2022 दायर की गई थी। याचिकाकर्ता ने स्मार्ट सिटी के विरुद्ध अनेक आरोप लगाए थे। जिन्हें हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। ऐसे ही कुछ लोगों ने योजना बनाकर गलत तरीके से स्मार्ट सिटी को बदनाम करने के उद्देश्य से एवं वहां के रहवासी और खरीदारों को गुमराह करने के लिए सुनियोजित ढंग से विभिन्न विभागों में झूठी और मनगढ़ंत शिकायत करवाई और सोशल मीडिया में सनसनीखेज बनाकर प्रकाशित करवाया। ताकि आम जनों के बीच स्मार्ट सिटी कॉलोनी के प्रति तरह-तरह की आशंकाएं पैदा हो जाए, लेकिन अंततः जांच उपरांत सभी प्रकार की अनुमतियां सही पाए जाने पर स्मार्ट सिटी के खिलाफ की गई झूठी शिकायतों को शासन स्तर पर खारिज कर दिया गया वहीं हाईकोर्ट में इन्हें मुद्दों को लेकर की गई जनहित याचिका क्रमांक भी खारिज हो चुकी है। शासन के निर्णय एवं हाईकोर्ट में मामले के खारिज हो जाने से स्मार्ट सिटी सहवासियों के मन में आशंकाएं समाप्त हुई तथा जिले की जनता का स्मार्ट सिटी के प्रति विश्वास बढ़ा है।

### इनका कहना है

स्मार्ट सिटी के विरोध मे की गई सभी शिकायत झूठी और आधारहीन होने के कारण शासन स्तर पर खारिज हो गई है। जबलपुर हाईकोर्ट में भी लगी स्मार्ट सिटी के खिलाफ याचिका न्यायालय ने खारिज कर दी है। हमारे द्वारा शासन के नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर कॉलोनाइजर एक्ट के तहत कॉलोनी विकास का कार्य किया गया। उच्च न्यायालय एवं मध्यप्रदेश शासन के आदेशों से हमें न्याय मिला एवं सत्य की जीत हुई है।

**विवेक कुमार बियानी, संचालक**
**स्मार्ट सिटी अनूपपुर**

# विदाई समारोह आयोजित आयोजित कर किया गया महाप्रबंधक का अभिनंदन

अनूपपुर। बिलासपुर रेलवे जोन के रेल कर्मचारियों का प्यार व सहयोग को मैं जीवन में भुला नहीं सकता, मेरे 41 साल की रेल सेवाकाल में जो स्नेह प्यार सहयोग बिलासपुर जोन में मिला, ये मेरे परिवार के लिए हमेशा यादगार रहेगा। बिलासपुर रेल जोन के अधिकारियों व रेल कर्मचारियों ने अपनी लगन समर्पण से भारतीय रेल में बिलासपुर को नम्बर वन बनाने में मुझे पुरा सहयोग प्रदान किया उक्त उद्गार साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के द्वारा आयोजित विदाई अभिनंदन समारोह के मंच से महाप्रबंधक बिलासपुर अलोक कुमार ने कहा, समारोह को संबोधित करते हुए जोनल सेक्रो अध्यक्ष डा० विनीता जैन ने कहा बिलासपुर जोन में हमें बहुत सम्मान प्यार दिया मैंने देखा रेलवे मजदूर कांग्रेस के द्वारा रेल कर्मचारियों के पंचशील कार्यक्रम के तहत हमेशा रचनात्मक कार्य किया जैसे ब्लड डोनेशन कैंप, वृक्षारोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला शक्ति करण के कार्यक्रम जैसे बेमिसाल कार्य रहे, मजदूर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी ने कहा महाप्रबंधक अलोक कुमार के 2 साल 8 माह के कार्यकाल में मजदूर कांग्रेस की मांग पर रेलवे अस्पताल में व्यापक सुधार हुआ, जीडीसी लागू किया गया। लगातार 10 प्रतिशत इंटक कोटा हेतु आदेश जारी करना, रेलवे कालोनी के विकास लिए करोड़ों के विशेष पैकेज देना बड़ी उपलब्धि रही है, मजदूर कांग्रेस बिलासपुर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल प्रवक्ता गोपी राव ने बताया कि विगत 27 मार्च को साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा केन्द्रीय मजदूर कांग्रेस कार्यालय बुधवारी बाजार बिलासपुर में 31 मार्च को रेल सेवा निवृत्त हो रहे बिलासपुर रेल महाप्रबंधक अलोक कुमार के सम्मान में विदाई अभिनंदन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक की धर्मपत्नी सेक्रो अध्यक्ष डा० विनीता जैन, बिलासपुर जोन के उपमहाप्रबंधक वीके साहू अन्य रेल जोन के अधिकारियों के साथ मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के केन्द्रीय पदाधिकारी बी कृष्ण कुमार मंडल समन्वयक बिलासपुर, डी विजय कुमार मंडल समन्वयक रायपुर, केन्द्रीय पदाधिकारी डी के स्वाइन, लक्ष्मण राव, राजकुमार सांडे, महिला नेत्री विनीता सहानी, जी. ईश्वरअम्मा, वर्षा पाण्डेय, शाखा सचिव एम डब्ल्यू इस्लाम, जी. एस.आइच,डी डी महेश, आर के यादव, राजेन्द्र सिंह, संजय श्रीवास्तव, लोकनाथ पटेल आदि उपस्थित रहे।

# विद्युत नगरी में एक चोरी के पांचवें दिन दूसरी बड़ी चोरी की वारदात



**चचाई।** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई थाना क्षेत्र अपराधों की सूची मे शीर्ष पर पहुंचे पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे रहा हैं वर्तमान थाना प्रभारी के पदस्थ होते ही आए दिन बड़ी-बड़ी वारदात घटित होती है जिसमें कुछ घटनाओं की रिपोर्ट थाने तक भी नहीं पहुंचती ताप विद्युत गृह के अधिकारी कर्मचारी व आम नागरिक भय के साए में रह रहे हैं इसका असर बिजली उत्पादन पर भी पड़ सकता है क्योंकि कोई भी अधिकारी कर्मचारी मजदूर रात ड्यूटी नहीं करना चाहता आए दिन चोरियां बीच बाजार लड़ाई झगड़ा आम बात हो गई है।

### 24 -25 मार्च की रात फिर बड़ी चोरी

मंडल के आवास क्रमांक बी2 में चोरी के पांचवें दिन डी 40 में मेहेर प्रकाश माइती के घर पूर्व चोरी की डुप्लीकेट रोल में सूने घर में खिड़की की राड काटकर बेडरूम अलमारी तोड़कर सोने का झुमका एक जोड़ी सोने के कंगन एक जोड़ी सोने के कड़े सोने का मंगलसूत्र चांदी का सिंदूर दानी चांदी की पायल व चूड़ी चांदी का चैन व लॉकेट 15000 कैश 42 इंच एलइडी टीवी आदि चोरों ने पर कर दी जिस पर अपराध क्रमांक 457 380 कायम किया गया।

### अपराधों का जनक श्याम सुंदर

श्याम सुंदर नामक जिला बदर का पूर्व अपराधी कई वर्षों से थाने से महज आधे किलोमीटर की दूरी पर बीच बाजार सैलून की आड़ में सट्टा एवं दारू का व्यवसाय घूम घूम कर कर रहा है जिसे आज तक थाना चचाई छू तक नहीं पा रहा बल्कि उसे बुलाकर बीच-बीच में केस बनाकर कार्यवाही की गाथा लिख दी जाती है। इसी श्याम सुंदर का सहपाठी समीम कबाडी ताप विद्युत गृह परिक्षेत्र में दरवाजा खिड़की चोरी कर कबाड़ खरीदने का काम करवाता है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण मंडल की खाली आवासों का खंडहर रूप में होना है।

### बार-बार ज्ञापन का नही कोई असर

ताप विद्युत गृह के कर्मचारियों अधिकारियों ने दर्जनों बार लिखित ज्ञापन थाना चचाई, पुलिस अधीक्षक, मुख्य अभियंता को देने के बाद भी आज तक कोई भी अपराधी का ना पकड़ा जाना थाना चचाई की खुलेआम लापरवाही को दर्शाता है। हर उपाय करने के बाद भी अपराधों पर अंकुश न लगने की दशा में मंडल कर्मचारी अधिकारी व्यापारी वर्ग एवं आम नागरिक कभी भी आंदोलन का रुख अपना सकते हैं इस बार भी थाना चचाई पुलिस अधीक्षक व मुख्य अभियंता को ज्ञापन दे कार्रवाई की उम्मीद यहां के वाशिंदे लगाए बैठे हैं साथ ही विद्युत उत्पादन में रुकावट ना हो मुख्य अभियंता को सामने आ पुलिस के उच्च अधिकारियों से बात करनी होगी। अंततः फोरेंसिक जांच प्रारंभ विद्युत नगरी में विगत दिनों हुए दो बड़ी चोरी की घटनाओं के बाद फरियादी की मांग पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के प्रयासों से फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया दोनों आवासो में प्रारंभ हो चुकी है जिससे वारदात के खुलासे की उम्मीद यहां के लोगों ने लगा रखी है।

# संकल्प महाविद्यालय अनूपपुर एवं ग्रेटर नोएडा ग्रुप के बीच हुआ एमओयू

### तलाशेंगे शैक्षणिक गतिविधियों एवं रोजगार के नए अवसर

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय में संचालित संकल्प महाविद्यालय लगातार शिक्षा के क्षेत्र में आगे कदम बढा रही है। डायरेक्टर अंकित शुक्ला की मेहनत और लगन के बदौलत रचनात्मक तरीके से नित नये अवसर छात्रों को प्रदान किये जा रहे है। संकल्प महाविद्यालय में जहां बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है वही श्री शुक्ला द्वारा गोद लेकर अनाथ बच्चों को एक अभिभावक के रूप में सेवा कर रहे है। उनकी सेवा भावना और शिक्षा के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए लगातार महाविद्यालय कई उपलब्धियां प्राप्त कर चुकी है।

### प्रशिक्षण के मिले अवसर

संकल्प महाविद्यालय और ग्रेटर नोएडा ग्रुप के बीच एक मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो संकल्प कॉलेज के विद्यार्थियों को दिल्ली के अनुभवी शिक्षकों के संरक्षण में प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेगा। संकल्प महाविद्यालय अनूपपुर जिले में स्थित है जिसके द्वारा शिक्षा क्षेत्र में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। संकल्प महाविद्यालय नियमित रूप से रोजगार मेलो और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करता है ताकि छात्रों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता भी प्राप्त हो और उनका सम्पूर्ण विकास हो सके। इस उद्देश्य को पूरा करते हुए संकल्प महाविद्यालय ने ग्रेटर नोएडा स्थित ग्रेटर नोएडा ग्रुप के साथ एमओयू स्थापित किया है, जिससे यहां अध्यनरत छात्र-छात्राएं दिल्ली के अनुभवी शिक्षकों के प्रशिक्षण से लाभान्वित हो सके।



### प्रतिभा व क्षमताओं पर विश्वास

संकल्प महाविद्यालय के संचालक अंकित शुक्ला ने बताया कि यह साझेदारी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक माइलस्टोन के रूप में साबित होगी विद्यार्थियों को अनूपपुर से बाहर की गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे वह अपनी क्षमताओं को जान सके। इस साझेदारी के माध्यम से छात्रों को विद्यार्थी जीवन के साथ-साथ आने वाले भविष्य के लिए आवश्यक अनुभव प्राप्त होगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को सभी संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी ताकि वह अपनी कमियों को दूर कर अपने करियर को सफल बनाने हेतु रोजगार के सुअवसर प्राप्त कर सके एवं देश विदेश में अपनी प्रतिभाओं का उपयोग करते हुए अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सके। साथ ही दिल्ली के प्रशिक्षकों द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम भी कराया जाएगा। जिससे महाविद्यालय असीम प्रगति की ओर अग्रसर रहे। संकल्प महाविद्यालय अनूपपुर विद्यार्थियों का भविष्य निमार्णः संकल्प कॉलेज के प्रयासों के साथ।

### शत-प्रतिशत रहता है परिणाम

जिला मुख्यालय में 7 वर्षो से संचालित संकल्प महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम हमेशा ही शत-प्रतिशत रहा है। गुणवत्तायुक्त शिक्षा अध्ययन के साथ-साथ महाविद्यालय के बच्चें सडकों पर यातायात नियमों का पालन का संदेश भी देते है, नुक्कड नाटक के माध्यम से समाज को जागरूकत भी करते है, इतना ही नही मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लेकर मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता का भी संदेश देते है। संकल्प महाविद्यालय अपने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ समावेशी शिक्षा प्रदान कर संस्कारवान व्यक्ति तैयार करने में अपनी अहम भूमिका निभाता चला आ रहा है। संकल्प महाविद्यालय अनूपपुर के डायरेक्टर अंकित शुक्ला ने कहा कि शिक्षकों का लक्ष्य अपने छात्रों को अच्छे इंसान बनाना होता है, जो समाज में एक बेहतर जगह हासिल कर सकें, शिक्षकों को छात्रों को न केवल ज्यादा ज्ञान देना चाहिए, बल्कि उन्हें उनके व्यक्तिगत विकास के लिए भी तैयार करना चाहिए, हर शिक्षक गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करें, जिससे छात्रों का विकास सतत रूप से होता रहे।